Date:-25-01-2024
Dainik Bhaskar, Page-02, Surat

**योजना** • नए मेट्रो कॉरिडोर को जल्द मिल सकती है मंजूरी, NHSRCL ने मेट्रो प्रशासन को भेजा प्रस्ताव

# मेट्रो लाइन-2 को अंत्रोली तक बढ़ाने की तैयारी, बुलेट रेल स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन से जा सकेंगे यात्री

## ड्रीम सिटी से एयरपोर्ट के बीच भी 3 किमी बढ़ाई जाएगी मेट्रो लाइन-1

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

मेट्रो ट्रेन बुलेट ट्रेन के अंत्रोली स्टेशन तक चल सकती है। इसके लिए मेट्रो लाइन-2 को सारोली से अंत्रोली तक वस्तारित किया जाएगा। इसके लिए सूरत मेट्रो रेल प्रशासन मेट्रो रूट को बुलेट ट्रेन स्टेशन तक बढ़ाने की योजना बना रहा है। अब गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने सूरत मेट्रो फेज-2 में 7 किमी लाइन का विस्तार करने की योजना बनाई है। यह विस्तार लाइन-2 में सारोली से अंत्रोली के बीच 4 किमी और लाइन-1 में ड्रीम सिटी से एयरपोर्ट के बीच 3 किमी होगा। यह विस्तार पूरी तरह से एलिवेटेड होगा। हालांकि अभी यह प्राथमिक स्तर पर है। विस्तार की लागत और तकनीक पर निर्णय लिया जाना अभी बाकी है।

आने वाले दिनों में सर्वे कर पूरी फिजिबिलिटी जांचने के बाद इसे मंजूरी भी दी जा सकती है। अंत्रोली में बन रहे बुलेट रेल स्टेशन से 280 मीटर दूरी पर अंत्रोली का मेट्रो रेल स्टेशन प्रस्तावित है। सूरत मेट्रो परियोजना में जहां एलिवेटेड और अंडरग्राउंड मार्ग बनाने का काम प्रगति पर है, वहीं मेट्रो लाइन-2 का भी काम तेजी से किया जा रहा है। अब इसके एक्सटेंशन पर भी मंथन शुरू हो गया है। मौजूदा समय में 40 किमी वाली सूरत मेट्रो की कुल दो लाइनें हैं। पहली डायमंड लाइन ड्रीम सिटी से सरथाणा के बीच 21.8 किमी की है, जबकि दूसरी टेक्सटाइल लाइन भेसान से सारोली के बीच 18 किमी है। इसकी कुल लागत 12020 करोड़ की है। लाइन-1 का काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा लाइन-2 में भी सारोली में गर्डर लॉन्च करने का काम चल रहा है।

## बुलेट ट्रेन के स्टेशन से सिर्फ 280 मीटर की दूरी पर होगा मेट्रो स्टेशन



लाइन-2: सारोली में तेज रफ्तार से चल रहा काम, गर्डर की लॉन्चिंग हो रही है।

### यह है योजना — एनएचएसआरसीएल ने हाई स्पीड स्टेशन के मैप में मेट्रो ट्रेन के स्टेशन को भी दर्शाया है

सूरत मेट्रो रेल प्रशासन मेट्रो ट्रेन के रूट को अंत्रोली में बुलेट ट्रेन के स्टेशन तक बढ़ाने की योजना बना रहा है। इसके लिए लाइन-12 का विस्तार किया जाएगा। लाइन-2 भेसान से सारोली तक 19 किमी लंबी है। इसे सारोली से अंत्रोली तक लगभग 4 किलोमीटर तक बढ़ा दिया जाएगा। इससे यह 23 किमी की हो जाएगी। हालांकि अभी सूरत मेट्रो प्रशासन की यह योजना प्रारंभिक स्तर पर है। इसकी कागजी कार्यवाही अभी बाकी है। इसे लेकर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन (एनएचएसआरसीएल) ने मेट्रो रेल प्रशासन को प्रस्ताव भेजा है। अंत्रोली में बुलेट ट्रेन के स्टेशन का काम तेज रफ्तार से चल रहा है। ऐसे में जब यह स्टेशन बन जाएगा तो इसे मेट्रो रूट से जोड़ देने पर इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा बढ़ जाएगी। नेशनल हाई स्पीड रेल के अधिकारियों ने अपने हाई स्पीड बुलेट स्टेशन मैप में 280 मीटर दूरी पर प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन को दर्शाया है।

### सुविधाः बुलेट ट्रेन स्टेशन तक जाने वालों को राहत मिलेगी

मेट्रो रेल का सारोली से अंत्रोली तक विस्तार होने से लोग आसानी से बुलेट ट्रेन के स्टेशन तक पहुंच पाएंगे। सूरत से बुलेट ट्रेन से अहमदाबाद और मुंबई जाने वाले यात्रियों को इसका काफी लाभ मिलेगा। सूरत मेट्रो रेल प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मेट्रो रेल को सारोली से अंत्रोली तक लेकर जाने की योजना है। फिलहाल अभी इसकी प्रक्रिया मौखिक स्तर पर है।

### फायदाः विस्तार से इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा मिलेगी

सूरत मेट्रो रेल प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सारोली से अंत्रोली तक मेट्रो ट्रेन का रूट बन जाएगा तो भविष्य में शहर के लोगों को बुलेट ट्रेन के स्टेशन तक पहुंचने में काफी आसानी होगी। इसके साथ ही इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा भी मिलेगी। इससे मेट्रो की राइडरशिप भी बढ़ेगी और पैसेंजर ग्रोथ बढ़ेगी। अभी सारोली में लाइन-2 काम तेजी से चल रहा है। गर्डर लॉन्च करने का काम शुरू है। ऐसे में आने वाले दिनों में मेट्रो रूट को अंत्रोली तक ले जाने की योजना बनाई गई है।